हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–62 : जौनपुर, शुक्रवार 22 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## वाराणसी में सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे मॉरिशस के पीएम जगन्नाथ : राज्यपाल से भी होगी मुलाकात

वाराणसी ब्यूरो : तीन दिवसीय यात्रा पर वाराणसी पहुंचे मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ आज सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे। उनका राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिलने का भी कार्यक्रम है। इससे पहले कल शाम जगन्नाथ ने सपरिवार काशी विश्वनाथ मंदिर में मत्था टेका। बाबा विश्वनाथ की विधिविधान से षोडशोपचार पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मॉरिशस के प्रधानमंत्री ने बाबा के नव्य और दिव्य धाम को घूम–घूम कर देखा। धाम की भव्यता देख वो अभिभूत नजर आए। उन्होंने अधिकारियों से धाम के बारे में जानकारी ली। विश्वनाथ धाम के बाहर डमरू दल ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही कलाकारों ने लोक नृत्य कर उनका बाबा दरबार में स्वागत किया। प्रविंद जगन्नाथ ने भी सभी का अभिनंदन किया। इससे पहले गुरुवार सुबह उन्होंने दशाश्वमेध घाट पर अपने पिता व पूर्व प्रधानमंत्री अनिरूद्ध जगन्नाथ की अस्थियों को गंगा में विसर्जित किया। विधि–विधान से सभी आयोजन संपन्न कराए गए। अस्थि विसर्जन के बाद उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय अनिरुद्ध जगन्नाथ की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और मां गंगा को नमन किया। इस दौरान गंगा में सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ और जल पुलिस की तैनाती रही। जबकि दूसरी ओर दशाश्वमेधघाट पर सुबह से ही सुरक्षा बलों ने संबंधित क्षेत्र को कब्जे में ले लिया था। घाट क्षेत्र की सघन जांच की गई और लोगों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया। मॉरिशस के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अनिरुद्ध जगन्नाथ के पूर्वज भारतीय मूल के बलिया जिले में रसड़ा के रहने वाले थे। तीन वर्ष पूर्व प्रविंद जगन्नाथ प्रवासी भारतीय दिवस के मौके पर वाराणसी आ चुके हैं। इस दौरान भी उन्होंने बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन और गंगा आरती में




हिस्सा लिया था। मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और उनकी पत्नी कोविता जगन्नाथ बुधवार की शाम को तीन दिवसीय काशी यात्रा पर पहुंचे थे। उसके पूर्व उनकी मां सरोजिनी जगन्नाथ भी मां विंध्यवासिनी के दरबार में जाकर हाजिरी लगा चुकी हैं। शुक्रवार को वे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेंगे। शुक्रवार को दोपहर में ही वे दिल्ली रवाना हो जाएंगे। वाराणसी आगमन पर हुआ भव्य स्वागत मॉरिशस के पीएम का विमान शाम 6.10 बजे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचा। यहां कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, महापौर मृदुला जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, कमिश्नर दीपक अग्रवाल, आईजी के सत्यनारायणा सहित अन्य अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट पर उनके स्वागत अभिनंदन में लोक कलाकारों ने नृत्य से समां बांधा तो स्कूली बच्चे भी उनके स्वागत में खड़े रहे। काशी के डमरू दल ने परंपरागत तरीके से डमरू बजाकर स्वागत किया। देर शाम वे नदेसर स्थित तारांकित होटल पहुंचे।

## फिर जागा इमरान का भारत प्रेमः पाकिस्तान के पूर्व पीएम ने की विदेश नीति की तारीफ

नई दिल्ली एजेंसी : पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने एक बार फिर भारत की तारीफ की है। लाहौर में आयोजित एक रैली में उन्होंने भारत की विदेश नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उसके लोगों की भलाई के लिए है। हाल ही में पाक नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के कारण पीएम पद छोड़ने को मजबूर हुए इमरान खान ने कहा कि पाकिस्तान सरकार की विदेश नीति अपने लोगों की भलाई की बजाए दूसरों की भलाई का काम करती है। इमरान खान ने कहा कि भारत अमेरिका का रणनीतिक भागीदार है और वह रूस से तेल आयात करता है। भारत का कहना है कि उसके फैसले अपनी जनता की भलाई पर आधारित होते हैं, लेकिन पाकिस्तान की विदेश नीति दूसरों के कल्याण के लिए है। इससे पहले पिछले माह खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक रैली को संबोधित करते हुए भी पूर्व पाक पीएम ने भारत की जमकर तारीफ की थी। उन्होंने भारतीयों को खुद्दार कौम बताया था। लाहौर की रैली में पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान ने कहा कि वह हमेशा पड़ोसी देश की प्रशंसा करते हैं, क्योंकि उनकी हमेशा एक स्वतंत्र विदेश नीति रही है। आज भारत अमेरिकी गठबंधन में है। वह क्वाड में और वह कहता है कि वह तटस्थ है। वह पाबंदी के बावजूद रूस से तेल आयात कर रहा है, क्योंकि वह कहता है कि इसमें उसके लोगों की



भलाई है। इमरान इसलिए गए थे मॉस्को पीएम रहते हुए हाल ही में अपनी रूस यात्रा का इमरान खान ने बचाव किया। उन्होंने कहा कि वह मॉस्को इसलिए गए थे, ताकि पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई को काबू में किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने फिर कहा कि उन्हें स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने के कारण देश की सत्ता से हाथ धोना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय ताकतों ने इसे पसंद नहीं किया। चीन के साथ पाक का व्यापार विदेशी ताकतों को पसंद नहीं खान ने आरोप लगाया कि विदेशी ताकतें चीन के साथ पाकिस्तान के व्यापार को बढ़ावा देना भी पसंद नहीं करती हैं। पाकिस्तान की मौजूदा सरकार की तीन कठपुतली हैं, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, पीपीपी के सह–अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी और जेयूआई–एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान। इन्होंने विदेशी साजिश का पूरा समर्थन किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## खेत विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई व पिता की चाकुओं से गोदकर कर दी निर्मम हत्या

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पिहानी कोतवाली क्षेत्र के रैगाई गांव में खून के रिश्ते को तार तार कर देने वाली घटना घटित हुई। डेढ़ बीघा खेत के लिए बड़ा भाई छोटे भाई की जान का प्यासा बन गया। बृहस्पतिवार की सुबह चाकुओं से गोदकर छोटे भाई की निर्मम हत्या कर दी। हद तो तब हो गई जब आरोपित ने अपने पिता को भी चाकुओं से गोदकर मरणासन्न कर दिया। घटना को सुन क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने जेठ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के ग्राम रैगाई में डेढ़ बीघा खेत को लेकर बड़े भाई राधेश्याम ने छोटे भाई विजय पाल को चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। कलयुगी भाई व पुत्र ने अपने पिता को भी नहीं बख्शा, पिता रामकिशन को भी चाकुओं से गोदकर मरणासन्न स्थिति में छोड़कर मौके से फरार हो गया। परिवारिक जनों व मोहल्ले वालों ने विजयपाल व रामकिशन को पिहानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने विजयपाल को मृत घोषित कर दिया व रामकिशन का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की खबर सुन आसपास हड़कंप मच गया। पुलिस ने मृतक विजयपाल की पत्नी माला की तहरीर पर बड़े भाई राधेश्याम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक विजयपाल की पत्नी माला ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह जेठ राधेश्याम पति विजय पाल व ससुर रामकिशन से डेढ़ बीघा खेत के बंटवारे को लेकर झगड़ा करने लगा।उसी दौरान जेठ राधेश्याम ने पति विजय पाल व ससुर रामकिशन को चाकुओं से हमला कर दिया। घटना के समय सास सरोजिनी, देवर लखविंदर वह पुत्री अर्चना मौके पर मौजूद थे। घटना के संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि की पत्नी की तहरीर पर जेठ के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। शीघ्र ही गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा जाएगा।

## अंगुठे का क्लोन बनाकर जालसाजी कर लोगो के खाते से पैसे उड़ाने वाले 02 शातिर जालसाज गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाये गये विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी केराकत के निकट पर्यवेक्षण में स्वाट टीम / सर्विलांस/ साइबर सेल एवं थाना चन्दवक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 21.04.2022 को मुखबीर की सूचना पर देवलासपुर मन्दिर के पास से दो अभियुक्त 1.इरफान पुत्र सर्वर अंसारी निवासी ग्राम मढ़ी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 2. आशीष कुमार राजभर पुत्र अरविन्द राजभर निवासी बोदरी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को समय करीब 21.00 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण उपरोक्त के कब्जे से एक अदद नोट गिनने का इले0 मशीन, एक अदद इले0 पिन्टर व फोटोकापी मशीन ,एक अदद लिमिनेशन मशीन, एक अदद लैपटाप , 2 अदद माइक्रो ATM मशीन , एक अदद फिगर स्कैनर, एक अदद लैपटाप चार्जर, 96 अदद यूनियन बैक का पासबुक, 12 अदद ई–श्रम कार्ड , 2 अदद आधार कार्ड, एक अदद पैन कार्ड, 7 अदद ATM कार्ड, एक अदद मोबाइल रेडमी , एक अदद नीले रंग का बैग तथा छः अदद अंगुठा क्लोन व कुल 3900 रु नगद बरामद हुआ। उक्त के संबंध में अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणदृ 1.इरफान पुत्र सर्वर अंसारी निवासी ग्राम मढ़ी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2. आशीष कुमार राजभर पुत्र अरविन्द राजभर निवासी बोदरी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– एक नोट गिनने की इले0 मशीन , 01 इले0 पिन्टर ,फोटोकापी मशीन ,एक लिमिनेशन मशीन, एक लैपटाप एवं चार्जर, 2 माइक्रो ATM मशीन , एक फिगर स्कैनर, 96 बैक पासबुक, 12 ई–श्रम कार्ड , 2 आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, 7 ATM कार्ड, एक मोबाइल रेडमी , एक नीले रंग का बैग तथा छः अंगुठा क्लोन व कुल 3900 रु नगद। आपराधिक इतिहास– 1–मु0अ0सं0 57 / 22 धारा 419 / 420 भादवि व 66D IT ACT थाना चन्दवक जनपद जौनपुर(प्रकाश में) 2– मु0अ0स0 58 / 2022 धारा 419 / 420 / 467 / 468 / 471 भा0द0वि0 थाना चन्दवक जनपद जौनपुर साइबर क्राइम के बचाव हेतु आवश्यक सुझाव – वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर 1. सीएसपी सेंटर पर आधार द्वारा पैसा निकालते समय ध्यान रखे कि आपके अंगुठे की किसी अन्य जगह छाप तो नही ली जा रही है। 2. आधार से पैसा निकालते समय किसी प्रकार की ओटीपी की आश्यकता नही पड़ती यदि कोई सीएसपी सेंटर का व्यक्ति ओटीपी या मोबाईल मांगता है तो कतई न दें। 3. अपने आधार कार्ड को सीएचपी सेंटर पर जमा ना करें। 4. सीएसपी सेंटर पर आधार कार्ड के सुरु के 04 और आखिरी के 04 नम्बर ही रजिस्टर में नोट करायें। 5. किसी भी जगह आधार एवं पैन की छाया प्रति जमा करते समय जिसकारण से आधार कार्ड या पैन कार्ड जमा कर रहे है क्रास कर के वह कारण लिख दें ताकि उसका प्रयोग दुसरे जगह न हो सके।

## अमृत महोत्सव के तहत लगा स्वास्थ्य मेला : विधायक श्याम प्रकाश ने किया शुभारंभ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पिहानी कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बृहस्पतिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश ने फीता काटकर किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपाई भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रांगण में लगे विभिन्न स्टालों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई। साथ ही सैकड़ों मरीजों ने पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया। मंच का संचालन नवनीत बाजपेई ने किया। बृहस्पतिवार को आजादी अमृत महोत्सव के तहत आयोजित मेले का शुभारंभ गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश ने फीता काटने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। उन्होंने मेले में लगे विभिन्न स्टालों का अवलोकन करते हुए विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। मुख्य अतिथि के तौर पर आए गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया, कि सरकार के द्वारा आम लोगों के लिए समय–समय पर विशेष योजनाएं चलाई जाती है। जिसको देखते हुए ब्लॉक स्तर तक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं में स्वास्थ्य कर्मी से लेकर अन्य विभागों की भी आला अधिकारी भी मौजूद है। जिनके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्टाल लगाकर क्षेत्र की जनता को लाभ देने की कोशिश सरकार के द्वारा की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ जितेंद्र श्रीवास्तव ने मेले में मरीजों का पंजीकरण कराने के साथ आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृव वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक दवाइयों के स्टालों पर जानकारी दी गई। मेले में 558 मरीजों का पंजीकरण किया गया। ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई ने भाजपा सरकार की कल्याणकारी






नीतियों की विस्तार से चर्चा की। कहा कि भाजपा सरकार आमजन के हितों का पूरा ध्यान रख रही है तथा गरीब वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डॉक्टर जुबेर , अय्यूब जफर ,प्रदीप राठौर, धीरज गुप्ता , मुजाविद हुसैन जैदी, नीरज सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह, बबलू राभा, रामदास कटियार ,गुड्डू राठौर,अभिषेक वैश्य रिशु, अरुण गुप्ता आदि भाजपा नेताओं ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया पिहानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश व पिहानी ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।

## घटना को अंजाम देने जा रहा था युवक असलहे के साथ गिरफ्तार

जौनपुर / शाहगंज पत्रकार– धनंजय विश्वकर्मा :सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के पतहना गांव से एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है बताया जा रहा है कि अभियुक्त ग्राम कुहिया का निवासी है वह किसी घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा था एक अदद असलहा के साथ पतहना पहुंचा ही था। कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। बतादें कि अपराधियो के विरुद्ध अभियान के तहत उ0नि0 बृजेश कुमार गुप्ता मय हमराह हे0का0 अमलेश कुमार सिंह व का0 विपिन जायसवाल ने एक नफर अभियुक्त विकाश उर्फ शक्तिमान पुत्र रामअजोर बनवासी निवासी कुहिया थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र 23 वर्ष जो सम्बन्धित मु0अ0सं0 136 / 22 धारा 3 / 25 आर्मस एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर को जो दिनांक 21.04.22 को समय 23.10 बजे रात ग्राम पतहना स्थानीय थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई किया।

## परिषदीय विद्यालयों में शतप्रतिशत नामांकन के लिए बीएसए नें कसे शिक्षकों के पेंच

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शासन की मंशा के अनुरूप परिषदीय विद्यालयों शतप्रतिशत नामांकन करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीवान सिंह यादव ने शिक्षकों के पेंच कसे। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक अपने सेवित विद्यालय में पिछले सत्र के सापेक्ष नवीन शैक्षिक सत्र में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कर शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें। विद्यालय में नामांकन, कायाकल्प, बच्चों का शतप्रतिशत आधार कार्ड सहित गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान दें। बेसिक शिक्षा अधिकारी आज बीआरसी बल्दीराय पर प्रधानाध्यापकों की मीटिंग ले रहे थे। बीएसए दीवान सिंह ने कहा कि आप लोग मेहनत करके मंगलवार तक उपरोक्त निर्धारित नामांकन लक्ष्य को प्रत्येक दशा पूरा कर लें।इसके 5आयु वर्ग के बच्चों की आंगनबाड़ी से सूची लेकर उन्हें चिन्हित कर लें। खंड शिक्षा अधिकारी मनोजीत राव ने कहा कि आप लोग पूरी मेहनत से लगकर मंगलवार तक शतप्रतिशत नामांकन लक्ष्य को पूरा करें। इससे पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी के बीआरसी पहुचने पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राज बख्श मौर्य, ब्लाक मंत्री शिव नरायन वर्मा तथा जिला उपाध्यक्ष हरि श्याम मौर्य के नेतृत्व में एक शिक्षक प्रतिनिधि मंडल ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संदीप पांडे, अनिल कुमार वर्मा,शैलेंद्र मिश्रा, एआरपी राम धर यादव, रमेश मिश्रा, मनोज यादव, शमीम खान, प्रतिभा सिंह,अवधेश तिवारी, विष्णु दत्त पांडे, जयचंद प्रजापति, दिनेश सरोज, राम भवन कनौजिया बजरंग मौर्य, धीरेंद्र सिंह, बृजेश सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## शिव भक्तों की आस्था पर राजस्थान की राज्य सरकार का हमला : अम्बरीष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीश कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने अलवर के राजगढ़ में तीन सौ साल पुराने शिव मंदिर तोड़े जाने पर राजस्थान सरकार की निन्दा की है। शिव सत्संग मण्डल के संयोजक ने कहा कि अलवर के राजगढ़ में शिव मंदिर को तोड़ा जाना बहुत चिंता का विषय है।राजस्थान सरकार ने शिव मंदिर को अतिक्रमण बताकर, मंदिर को तोड़कर शिव भक्तों की आस्था पर हमला किया है।इस तरह राजस्थान सरकार शिव भक्तों को अपमानित कर रही है और शिव भक्तों के खिलाफ नफरत का माहौल बना रही है।ट्वीट कर उन्होंने अलवर के राजगढ़ में भव्य शिव मंदिर बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि राजगढ़ का शिव मंदिर न केवल राजस्थान में वरन समूचे भारत की प्रतिष्ठा स्थापित करने वाला होगा। यह राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान बढ़ाने वाला भी होगा, इसलिए इसे बनाते समय इसकी भव्यता का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए शिव सत्संग मण्डल और पूरा समाज राजस्थान सरकार का साथ देगा।कहा कि भगवान शिव,देश दुनिया और समाज में कल्याणकारी माने जाते हैं। कल्याणकारी का अर्थ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से कल्याण करना है। श्री अम्बरीष के अनुसार भगवान शिव स्वयंभू हैं। जिसका अर्थ है कि वह मानव शरीर से पैदा नहीं हुए हैं।वह निराकार, सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ, अजन्मा, अशरीरी हैं। जब कुछ नहीं था तो भगवान शिव थे और सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद भी उनका अस्तित्व रहता है। भगवान शिव को आदिदेव,महादेव भी कहा जाता है। जिसका अर्थ हिंदू माइथोलॉजी में सबसे प्राचीन आराध्य देव से है। परमपिता शिव राजस्थान सरकार को सद्बुद्धि प्रदान कल्याणकारी पथ पर आगे बढ़ाएं।



facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिये, यह साबुन का काम करती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# देश–दुनिया : पृथ्वी को बचाने के लिए जीईपी चाहिए

पृथ्वी को बचाने के लिए विभिन्न देशों ने क्या योगदान किया है, इसका कोई मापदंड नहीं है। ऐसे में जीडीपी जैसे एक नए पर्यावरण केंद्रित सूचक को लेकर चर्चा होनी चाहिए। दुनिया को एक बात समझनी चाहिए कि जिस तरीके से किसी देश की आर्थिकी को मापा जाता है, ठीक वैसा ही सूचक पर्यावरण उत्पाद (ग्रास इकोसिस्टम प्रोडक्ट–जीईपी) का भी होना चाहिए।

पिछली सदी में जब सबसे बड़ी चुनौती पूरे देश और दुनिया को रोजगार देने से जुड़ी हुई थी, तब दुनिया की प्राथमिकता नए–नए रोजगार खड़ा करने की थी। भारत ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया नए रोजगार के सृजन के लिए चिंतित थी, चाहे अमेरिका हो, या ऑस्ट्रेलिया या अन्य देश। इन सभी देशों में रोजगार को सबसे बड़े संकट के रूप में देखा जा रहा था। अपने देश में भी आजादी के बाद से आज तक रोजगार ही सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।

इसी के चलते औद्योगिक क्रांति का जन्म हुआ और इस क्रांति ने दुनिया में कई कीर्तिमान भी स्थापित किए। विकास को एक नई दिशा मिली और चारों तरफ विकास की बयार बहने लगी। यह एक ऐसी बयार थी, जिसने नए–नए रोजगार तो खड़े किए, लेकिन इसने प्रकृति के अंधाधुंध दोहन का रास्ता भी दिखा दिया। हम इस तरह की होड़ में लग गए कि कैसे ज्यादा से ज्यादा और बेहतर रोजगार पैदा कर सकते हैं। इसके पीछे हमने तकनीकी और विज्ञान को झोंक दिया, जिनसे यह चमत्कार संभव था।

इस आर्थिक क्रांति ने दुनिया भर में अपनी पैठ बनाई, और भारत भी उन देशों में था। विकास की इन सारी यात्राओं ने, जो लगभग 200 साल की हो चुकी है, विभिन्न उद्योगों को जन्म दिया। इनमें ज्यादातर उद्योग वे थे, जो विलासिता की वस्तुओं को परोसते थे और उनकी खरीदारी ने एक नए बाजार को जन्म दिया। दुनिया भर में इसी को स्टैंडर्ड ऑफ लाइफ भी मान लिया गया, जिससे जीवन को सुविधापूर्ण तरीके से चलाया जा सके।

फिर जीडीपी का भी जन्म हुआ, क्योंकि इसी पैमाने पर यह नापा जाने लगा कि कौन–सा देश कहां खड़ा है। यह चिंता संयुक्त राष्ट्र की भी थी कि किस तरह से किसी देश की प्रगति को आंका जाए और कैसे दुनिया के अन्य कार्यों के लिए आर्थिक सहायता जुटाई जा सके। जब जीडीपी का जन्म हुआ, तो यह दुनिया भर का ऐसा उपकरण बन गया, जिससे किसी देश की प्रगति को नापा जाने लगा। अब एक तरफ जहां बढ़ती–घटती जीडीपी देश–दुनिया की धड़कनों को निर्धारित करने लगी, वहीं दूसरी तरफ जीवन के बड़े मूल्य, जिनसे सब कुछ संभव था, तिरस्कृत होने लगे।

इस जीडीपी में हवा, मिट्टी, जंगल, पानी के तमाम हालात का कभी कोई ब्योरा सामने नहीं आता था। दुनिया भर में आज प्रकृति और पर्यावरण के बड़े संकटों की बात हो रही है, लेकिन इसके लिए न तो कोई संजीदगी दिखती है, न ही कोई साफ रास्ता। हर साल किसी न किसी मुद्दे पर पृथ्वी दिवस पर बहस होती है। इस वर्ष यह बहस पृथ्वी व उसमें निवेश को लेकर शुरू की गई है। आज तक पृथ्वी पर रहते हुए हमने कुछ इस तरह के निवेश पर ज्यादा चिंता की, जिसमें सरकार व उद्यमी हर तरीके से उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए, जीवन को बेहतर बनाने के लिए बड़े निवेश की चर्चा करते हैं।

लेकिन इस बात की चिंता कहीं नहीं दिखाई देती है कि हम किस तरीके से अपनी पृथ्वी को बेहतर बना सकते हैं। यह सवाल अब इसलिए खड़ा हो गया है कि दुनिया में दो बड़े संकट सबको दिखाई दे रहे हैं। एक प्राण वायु का और दूसरा पानी का। ये दोनों ही संकट पृथ्वी के बढ़ते तापमान से जुड़े हुए हैं। आने वाले समय में अगर इन पर सही तरीके से ध्यान नहीं दिया गया, तो शायद ये हमारे जीवन के लिए सबसे बड़ा श्राप का कारण भी बनेंगे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट भी यह बता रही है कि दुनिया में अब कहीं भी बेहतर दर्जे की प्राण वायु नहीं बची। हालिया एयर क्वालिटी इंडेक्स ने यह बताने की कोशिश की है कि दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में वायु प्रदूषित हो चुकी है और कोई ऐसा शहर नहीं बचा है, जो वायु प्रदूषण न झेलता हो। इसकी सबसे ज्यादा गाज बच्चों पर गिर रही है। अपने देश का हाल तो और भी बुरा है। दुनिया के 50 शहरों में से 35 शहर तो भारत के ही हैं, जो सबसे ज्यादा प्रदूषित हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली ने तो इसमें अपना परचम लहरा दिया है। पिछले कई वर्षों से दिल्ली सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में गिनी जाती है। पानी का संकट तो इस हद तक पहुंच चुका है कि यह कई आपदाओं से लेकर आफतों का कारण बनने वाला है। एक तरफ जहां नदियां, तालाब, कुएं सूख गए हैं, वहीं दूसरी तरफ बाढ़ का प्रकोप जन–धन के भारी नुकसान का कारण बनता है। ये सारे संकेत पृथ्वी के बढ़ते तापमान से जोड़े जा सकते हैं। इसी वर्ष को देख लीजिए, जिस तरीके से मार्च–अप्रैल तपा है, यह पर्यावरणीय संकट का संकेत है।

इसे सबको समझ लेना चाहिए। नीतिकारों को यह पीड़ा नहीं दिखाई देती, क्योंकि वे इस आफत से बचे हुए हैं। उन्हें न पानी का संकट सताता है और न ही बढ़ते तापमान से समस्या होती है, क्योंकि उनके पास कमरे के तापमान को नियंत्रित करने की सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। हम आज पृथ्वी पर निवेश की बात कर रहे हैं। सबसे पहला प्रश्न तो यही है कि दुनिया ने इस संकट से बचने के लिए क्या किया है।

पृथ्वी को बचाने के लिए विभिन्न देशों ने क्या योगदान किया है, इसका कोई मापदंड नहीं है। ऐसे में जीडीपी जैसे एक नए पर्यावरण केंद्रित सूचक को लेकर चर्चा होनी चाहिए। दुनिया को एक बात समझनी चाहिए कि जिस तरीके से किसी देश की आर्थिकी को मापा जाता है, ठीक वैसा ही सूचक पर्यावरण उत्पाद (ग्रास इकोसिस्टम प्रोडक्ट–जीईपी) का भी होना चाहिए। इससे यह भी समझ में आएगा कि सरकारों और समाज ने पृथ्वी को बचाने के लिए क्या निवेश किया।

ऐसी ही एक अनूठी पहल उत्तराखंड ने की है, और राज्य शीघ्र ही अपनी आर्थिकी के साथ सकल पर्यावरण उत्पाद का आकलन भी पेश करेगा, ताकि बता सके कि इस वर्ष राज्य सरकार ने हवा, मिट्टी, पानी, जंगल को बचाने के लिए कितना निवेश किया। जब तक हम वैज्ञानिक आधार पर ऐसे सूचकों को प्रोत्साहित नहीं करेंगे या आगे नहीं बढ़ाएंगे, हम हमेशा अधर में ही लटके रहेंगे। जीईपी के माध्यम से ही हम अपनी प्रकृति की चिंता करेंगे, और पृथ्वी को बचा पाएंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# स्कूल चलो अभियान के तहत कार्यक्रम सम्पन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : आज आज दिनांक 22 अप्रैल 2022 को स्कूल चलो अभियान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय सुदनीपुर 1 से 8 में मुख्य अतिथि क्षेत्र के यशस्वी विधायक डॉक्टर आर0के0 पटेल जी द्वारा अति विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद जौनपुर श्री गोरखनाथ पटेल जी खंड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं श्री मनोज कुमार यादव तथा पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद जौनपुर के जिला अध्यक्ष श्री अतुल प्रकाश यादव जी की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली का प्रारंभ किया गया। बच्चों की टोली पीटी ड्रेस में तथा स्काउट बच्चे कतार बनाकर स्कूल चलो अभियान के नारे लगाते हुए शुदनीपुर बाजार से होकर सड़क मार्ग से शुदनीपुर हनुमान मंदिर होते हुए पुनः विद्यालय पर पहुंचकर सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु नामांकन मेला के रूप में अपना प्रदर्शन किए । आदरणीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सरस्वती पूजन के पश्चात नामांकन मेला के अंतर्गत नेहा पटेल पौत्री श्री उदय नारायण पटेल बीरबलपुर का नामांकन कर नामांकन का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में क्षेत्र के यशस्वी विधायक डॉ आर0 के0 पटेल द्वारा आईसीटी आधारित स्मार्ट क्लास प्रोजेक्ट रूम का उद्घाटन किया गया, जिसमें टेक्निकल शिक्षक श्री दिलीप चंद पाल द्वारा विद्यालय की गतिविधियों पर आधारित श्री लाल बहादुर यादव द्वारा निर्मित शैक्षिक चलचित्र यूट्यूब के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा आदरणीय विधायक द्वारा शिक्षक लाल बहादुर यादव एवं दिलीप चंद पाल की भूरि–भूरि प्रशंसा की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की बच्चियों द्वारा नित्य एवं गायन प्रस्तुत किया गया। सत्र 2021–22 में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक और बालिकाओं को शिवांश विश्वकर्मा कक्षा 7 कोमल मौर्य कक्षा 7 आलोक पटेल रंजना ,पटेल सेजल यादव कक्षा 6 ऋषभ मिश्रा, सुशांत गुप्ता कक्षा 5 को प्रथम स्थान सर्वोच्च



अंक प्राप्त करने पर मेडल एवं सम्मान पत्र द्वारा सम्मानित किया गया ।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक शिव कुमार सरोज की प्रशंसा की गई इस अवसर पर विजय बहादुर यादव एवं राज बहादुर यादव द्वारा करोना काल में कविता संकलन पुस्तक विधायक जी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेंट की गई तथा शिक्षक विजय मेंहदी द्वारा स्वरचित सरस्वती वंदना गीत को मोमेंटो के रूप में दिया गया। आदरणीय विधायक जी द्वारा विद्यालय के छात्र संख्या और बच्चों की उपलब्धि को ध्यान में रखते हुए एक अतिरिक्त कक्ष अपनी निधि से देने की घोषणा की तथा ग्राम प्रधान जी द्वारा एक कक्ष अपनी निधि से एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला परियोजना से एक कक्ष उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इस अवसर पर न्याय पंचायत के समस्त अध्यापक ए आर पी न्याय पंचायत समन्वयक श्री निहाल सिंह श्री अरुण सिंह पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राय साहब यादव यूटा अध्यक्ष हेमंत सिंह प्रधानाध्यापक कमलेश चंद्र यादव ,संजय सिंह ,मयंक नारायण श्रीवास्तव, अच्छे लाल यादव ,राधे मोहन तिवारी, प्रदीप सिंह आदि उपस्थित रहे ।कार्यक्रम संयोजन ग्राम प्रधान सुरेश चंद विश्वकर्मा तथा अधिवक्ता सुरेश गुप्ता ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन कुंवर यशवंत सिंह मंडलीय मंत्री वाराणसी द्वारा किया गया इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य एवं छात्र अभिभावक उपस्थित रहे जिससे क्षेत्र में उत्साह एवं विद्यालय परिवार के प्रति अभिभावकों का विस्वास बढ़ रहा है।

# आरोप के मुताबिक अयोध्या महिला चिकित्सालय की लापरवाही से एक महिला की गई जान

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) यह आरोप मृतका के परिजनो ने लगाया है कि जिला महिला चिकित्सालय में लापरवाही के कारण एक महिला ने अपनी जान गवा दी है ।मृतका के परिजन के मुताबिक 19 अप्रैल को राम अमर निवासी पुरे खंबा तेर थाना मवई जनपद अयोध्या ने अपने मरीज को जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया राम अमर की पत्नी गर्भवती थी जिसकी डिलीवरी के लिए जनपद अयोध्या के महिला चिकित्सालय में अपनी पत्नी को राम अमर ने भर्ती कराया 19 अप्रैल को लगभग शाम 4:बजे उसने अपनी पत्नी को भर्ती कराया जहां उसकी पत्नी को ग्लूकोज चढ़ाया गया और तीन बजे रात के तबीयत बिगड़ने पर उसको लखनऊ के लिए रिफर किया गया लेकिन 3:00 बजे रात के कोई साधन नहीं मिल रहा था जिस पर उसने अस्पताल के लोगों से गुहार लगाई कि हमको कोई ऐसा साधन मुहैया करा दिया जाए जिससे हम अपनी पत्नी को लखनऊ ले जा सके पर उसकी वहां कोई सुनने वाला नहीं था बल्कि उसको वहां से भगा दिया गया और डिस्चार्ज पेपर पर साइन करा कर उसको डिस्चार्ज पेपर भी नहीं दिया गया बल्कि उससे यह कहा गया कि यहां ऑपरेशन की सुविधा नहीं है अब सवाल यह उठता है कि महिला चिकित्सालय में जो कि जिला स्तरीय चिकित्सालय है वहां ऑपरेशन की सुविधा नहीं है तो फिर कहां होगी फिलहाल आनन–फानन में राम अमर ने एक टेंपो विक्रम तय करने के बाद उसको लेकर निकला लेकिन रास्ते में ही उसकी पत्नी ने दम तोड़ दिया अब सवाल यह उठता है कि तमाम सरकारी दावे और तमाम योजनाएं या फिर तमाम बड़े बड़े अधिकारियों के निरीक्षण करने का कोई लाभ नहीं है चाहे जितनी बड़ी बिल्डिंग तैयार कर ली जाए अगर उसमें सुविधाएं नहीं है तो वह किसी काम की नहीं साबित हो सकती जिसकी बानगी इस महिला के साथ जो हुआ वह सामने आई है मामला मीडिया के संज्ञान में आने के बाद अब जिला महिला चिकित्सालय के जिम्मेदार लोग जांच की बात कर रहे हैं अब यह जांच कब पूरी होगी कौन दोषी पाया जाएगा किस को क्या सजा मिलेगी यह तो आने वाला समय ही तय करेगा फिलहाल पीड़ित राम अमर ने एक प्रार्थनापत्र चौकी रिकाबगंज को भी दिया है और उसने न्याय की गुहार लगाई है लेकिन सवाल फिर वही ऐसी योजनाओं का क्या होगा जब किसी की जान ही ना बचाई जा सके।

## बिजली दर : नियामक आयोग ने स्वीकार किया कंपनियों का प्रस्ताव

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में बिजली दरें बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बृहस्पतिवार को बिजली कंपनियों की ओर से 8 मार्च को दाखिल 2022–23 के वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) प्रस्ताव, 2020–21 की ट्रू–अप याचिका व 2121–22 की एनुअल परफार्मेंस रिपोर्ट (एपीआर) को स्वीकार लिया। विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधान के अनुसार आयोग को एआरआर स्वीकार करने के 120 दिन के भीतर नया टैरिफ आर्डर जारी करना होगा। चूंकि बिजली कंपनियों ने एआरआर के साथ ट्रैरिफ प्रस्ताव दाखिल नहीं किया है इसलिए नई दरों का दारोमदार अब आयोग पर ही है। नियामक आयोग के अध्यक्ष आरपी सिंह, सदस्य कौशल किशोर शर्मा व वीके श्रीवास्तव की पूर्ण पीठ ने बिजली कंपनियों का एआरआर स्वीकार करते हुए नई दरों को लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। आयोग जल्द ही बिजली दर पर जनसुनवाई की तारीखें घोषित करेगा। इससे पहले आयोग के आदेशानुसार बिजली कंपनियों को एआरआर संबंधित सभी जानकारियां व आंकडेध तीन दिन में समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना होगा। उपभोक्ताओं व सभी हितधारकों को उस पर 15 दिन में आपत्तियां और सुझाव दाखिल करने का समय दिया जाएगा। आपत्तियां व सुझाव प्राप्त करने के बाद आयोग जनसुनवाई करेगा। गौरतलब है कि इस बार बिजली कंपनियों ने 17 प्रतिशत वितरण हानियों के आधार 85,500 करोड़ रुपये का



एआरआर दाखिल किया है। इसमें लगभग 6,700 करोड़ रुपये घाटा दिखाया गया है। चूंकि कई बार आदेश देने के बाद भी बिजली कंपनियों ने दरें प्रस्तावित नहीं की हैं। ऐसे में अब गेंद आयोग के पाले में आ गई है। बिजली दरें कम कराने को सक्रिय हुआ उपभोक्ता परिषद उधर, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद बिजली दरों में कमी कराने के लिए सक्रिय हो गया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों के रवैये से साफ हो गया है कि वे उपभोक्ता परिषद की बिजली दरों में कमी की याचिका पर कोई जवाब नहीं देंगी। अब आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वह बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के निकल रहे 20,596 करोड़ रुपये के एवज में दरों में कमी करे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए राज्य सरकार को भी आगे आकर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत नियामक आयोग को बिजली दरों में कमी का निर्देश देना चाहिए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़हुली नुनियान, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो/ग्रा0पं0ब0/ दिनांक 21.04.2022

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा बी. आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 22.04.2022 से 30.04.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में पूर्वाह्न दस बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 30.04.2022 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष पूर्वाह्न 10 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच/सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान
हरिश्चन्द्र सरोज

ग्राम विकास अधिकारी
अखिलेश सरोज

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुल्हनामऊ, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो/ग्रा0पं0कु0/ दिनांक 21.04.2022

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा बी. आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 22.04.2022 से 01.05.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न एक बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 01.05.2022 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 1 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच/सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान
शिवधारी यादव

ग्राम विकास अधिकारी
प्रदीप शंकर श्रीवास्तव


## मुख्य परीक्षा के लिए परीक्षा योजना व पाठ्यक्रम जारी, 60 सवाल विषय से, 40 जीके से होंगे

लखनऊ ब्यूरो : अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रशिक्षण व सेवायोजन विभाग के अंतर्गत विभिन्न व्यवसायों के अनुदेशकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना व पाठ्यक्रम जारी कर दिया है। इस भर्ती की लिखित परीक्षा 100 नंबर की होगी औरगलत प्रश्नों की निगेटिव मार्किंग की जाएगी। आयोग ने अनुदेशकों के रिक्त 2,504 पदों पर चयन के लिए प्रारंभिक अर्हता परीक्षा–2021 के अंतर्गत मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन मांगे थे। इसके लिए 29,618 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। अब आयोग ने इसकी परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम व परीक्षा योजना जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक दिनेश ने बताया है कि लिखित परीक्षा 100 प्रश्नों की होगी और प्रत्येक प्रश्न एक नंबर का होगा। 60 प्रश्न विषयगत ज्ञान से जुड़े होंगे जबकि बाकी 40 प्रश्न सामान्य ज्ञान के होंगे। प्रत्येक गलत प्रश्न के लिए चौथाई अंक (1/4) की कटौती की जाएगी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिकन्दरा, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो/ग्रा0पं0सि0/ दिनांक 21.04.2022

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा बी.आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 22.04.2022 से 01.05.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में पूर्वाह्न दस बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 01.05.2022 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष पूर्वाह्न 10 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच/सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशग | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में चिहि्नत होगा।

प्रधान — साहब लाल यादव

ग्राम विकास अधिकारी — अखिलेश सरोज

